**दिनांक : 23.02.2025** **समय : 7.10पीएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का किया शिलान्यास। कहा–तीन साल में हर जिले में खुलेंगे कैंसर डे केयर सेंटर।
- प्रधानमंत्री कल भोपाल में करेंगे ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ। आज भाजपा सांसद और विधायकों से कर रहे हैं चर्चा।
- किसान सम्मान निधि की अगली किस्त कल बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री करेंगे जारी।
- आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट में भारत को पाकिस्तान पर जीत के लिए मिला 242 रनों का लक्ष्य।
-

**समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री–बागेश्वर धाम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का डिजिटल शिलान्यास करते हुए कहा कि अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। श्री मोदी ने बताया कि यह संस्थान 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी।

कैंसर के उपचार को लेकर सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस साल बजट में कैंसर से लड़ने के लिए कई सारी घोषणाएं की गई हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि कैंसर की दवाओं को और सस्ता किया जाएगा और अगले 3 साल में देश के हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे। उन्होंने जिला अस्पतालों में कैंसर क्लीनिक खोलने की भी घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने लोगों से आयुष्मान योजना, जन औषधि केन्द्रों जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की।

कुछ राजनीतिक दलों द्वारा सनातन धर्म पर की जा रही टिप्पणियों की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं।

श्री मोदी ने कहा कि हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुंदेलखंड में पहले सूखा पड़ता था, अब केन–बेतवा परियोजना के कारण सुखी रहने का आशीर्वाद मिल गया है।

**जीआईएस**

भोपाल में कल होने जा रही दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए तैयारियां पूरी हो गई है। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का सुबह 10 बजे इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे तक रहेंगे। इस दौरान वे उद्योगपतियों को संबोधित भी करेंगे। समिट में हिस्सा लेने के लिए उद्योगपतियों का भोपाल पहुंचने का सिलसिला जारी है। जानकारी के मुताबिक इंवेस्टर्स समिट में 25 हजार उद्योगपित शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन के समय करीब 5 हजार उद्योगपति कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री प्रदेश निवेश की राह को आसान बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई 17 पॉलिसियों को भी लांच करेंगे।

प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने कल परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को विशेष छूट दी है, जिससे वह समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच सकते हैं।

**पीएम–भोपाल यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय प्रवास पर आज भोपाल पहुंच गए है। विमानतल पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका

स्वागत किया। सड़क मार्ग से प्रधानमंत्री मोदी कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर पहुंचे। यहां पर उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रधानमंत्री यहां भाजपा विधायकों और सांसदों से चर्चा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 15 मिनट संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी विधायकों और सांसदों की अलग–अलग टेबल पर जाकर उनसे बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

**पीएम–यात्रा / पीएम किसान योजना–शिवराज सिंह चौहान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से देशभर के 9 करोड़ सात लाख से अधिक किसानों को 21 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशी अंतरित करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बिहार प्रवास पर है। उन्होंने बताया कि पूरे देश के किसानों को इससे लाभ होगा।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए आई के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा। इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को सुझाव दिया कि वे अपना एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताएं, जिसमें वे किसी अनुसंधान प्रयोगशाला, प्लैनेटेरियम या फिर अंतरिक्ष केंद्र जैसी जगह पर जा सकते हैं।

श्री मोदी ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर एक्स और इंस्टाग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे, जिन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके लिए वे नमो ऐप पर बनाए गए विशेष फोरम के माध्यम से इस प्रयोग का हिस्सा बन सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में किशोर चैंपियंस की संख्या पर आश्चर्य प्रकट करते हुए मध्य प्रदेश के 19 वर्षीय पोलवाल्टर देव कुमार मीणा का भी उल्लेख किया।

**भारत–पाकिस्तान–आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दुबई में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से जारी है। पाकिस्तान ने भारत को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सउद शकील के 62 रन और मोहम्मद रिजवान के 46 रन के सहारे 241 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। मैच के दौरान पाकिस्तान के खिलाड़ी खुलकर नहीं खेल पाए और पूरी टीम 50 ओवर के पहले ही आउट हो गई। पाकिस्तान को प्रतियोगिता में बने रहने के लिए यह मैच जीतना आवश्यक है। वहीं भारत मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 17 फरवरी से शुरू हुए महाशिवरात्रि के 10 दिवसीय मेले में अब तक सवा लाख से अधिक श्रद्धालु चौरागढ़ मंदिर में पहुंचे।
- आगरमालवा जिले में कल विधिक सेवा और लोक अदालत विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। इसमें द्वितीय जिला न्यायाधीश ने विभिन्न विषयों पर ग्रामीणों से चर्चा कर जानकारी दी।
- शिवपुरी जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कक्षा 12वीं का पहला पेपर 25 फरवरी को और कक्षा 10वीं की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होंगी।
- जबलपुर ज़िले की इशिता भार्गव इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस हासिल करने वाली भारत की पहली पायलट बन गई हैं। इसके साथ ही भारत विमान के चालक दल के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश भी बन गया है।
- महाशिवरात्रि पर्व पर श्रध्दालुओं की सुविधा के लिए भोपाल– उज्जैन के बीच आज से विशेष ट्रेन शुरू की जा रही हैं। भोपाल से ये ट्रेन रोजाना रात में 10.20 पर रवाना होगी।

———————————